हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 13 मई 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 केंद्र पर तौल की रफ्तार धीमी, किसान परेशान...

07 राजस्व विभाग के निरीक्षक पर रिश्वत लेकर भी...

खबर संक्षेप

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की बैठक आज

नर्मदापुरम। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा बूथ स्तर के गठन एवं विस्तार के संगठनात्मक अभियान की कार्य योजना की तैयारी को लेकर पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी एवं नर्मदापुरम संभाग प्रभारी निलेश कौशल 13 मई, बुधवार को नर्मदापुरम भाजपा जिला कार्यालय के प्रवास पर रहेंगे। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश प्रशिक्षण सह प्रभारी जयकिशोर चौधरी ने बताया कि दोपहर 1:00 बजे भाजपा जिला कार्यालय में पिछड़ा वर्ग मोर्चा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता, सामाजिक जन एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

विधायक निधि से दी प्रशासकीय स्वीकृति

नर्मदापुरम। विधायक नर्मदापुरम की अनुशंसा पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा स्वेच्छानुदान निधि से इटारसी एवं नर्मदापुरम क्षेत्र के 4 हितग्राहियों को उपचार हेतु 69 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। विधायक डॉ सीतासरन शर्मा की अनुशंसा पर हितग्राहियों को आर्थिक सहायता दी।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने किया गेहूं उपार्जन केन्द्रों का औचक निरीक्षण

परिवहन कार्य, स्टेकिंग और तुलाई कार्य में गति लाने के लिए सख्त निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने मंगलवार को इटारसी क्षेत्र के गेहूं उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने निमसाड़िया समिति द्वारा संचालित उपार्जन केंद्र गोविंद वेयरहाउस ब्यावरा एवं नमामि स्वसहायता समूह द्वारा संचालित उपार्जन केंद्र एचएल वेयरहाउस पहुंचकर उपार्जन कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर श्री मिश्रा ने दोनों केंद्रों पर कार्यरत खरीदी प्रभारियों को निर्देश दिए कि खरीदे गए गेहूं स्कंध के परिवहन कार्य में तेजी लाई जाए, ताकि केंद्रों पर पर्याप्त स्थान उपलब्ध रहे और किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि केंद्र पर पहुंच रहे किसानों की उपज का शीघ्रता से उपार्जन सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने मंगलवार को इटारसी क्षेत्र के गेहूं उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उर्वरक वितरण में अनियमितता पर दो उर्वरक विक्रेताओं को नोटिस किए जारी

नर्मदापुरम/12,मई,2026/ जिले के किसानों को सभी प्रकार के उर्वरक शत प्रतिशत ई विकास पोर्टल के माध्यम से विक्रय किए जाने के निर्देश है। इस संबंध में शासन द्वारा प्रत्येक उर्वरक विक्रेताओ की मॉनिट्रिरिंग पोर्टल व पीओएस मशीन के माध्यम से की जा रही है। 11.मई.2026 को पोर्टल का अवलोकन करने पर जिले के दो विक्रेताओ के द्वारा उर्वरको का विकय ई विकास पोर्टल की अपेक्षा पीओएस मशीन से अधिक किए जाने व शासन के निर्देशो की अवहेलना करने पर मेसर्स पायल खाद भंडार, बानापुरा व शीतल कृषि सेवा केंद्र, डोलरिया को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए व संबंधित दस्तावेजो के साथ अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु 03 दिवस का समय दिया गया। संतुष्टिपूर्वक जबाव प्रस्तुत न करने की दशा में लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही की जावेगी।

गोदाम स्तरीय केंद्रों पर स्टेकिंग कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिए

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने गोदाम स्तरीय केंद्रों पर स्टेकिंग कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तुलाई के उपरांत समिति द्वारा व्यवस्थित स्टेकिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही गोदाम में स्थान कम होने पर परिसर में तुलाई की समुचित व्यवस्था करने के लिए छांव एवं कांटों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने खरीदे गए स्कंध के नियमित एफसीआई को परिवहन के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि केवल एफएक्यू गुणवत्ता वाले गेहूं की ही खरीदी सुनिश्चित की जाए, ताकि गुणवत्ता मानकों का पालन हो सके। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी आपूर्ति अधिकारी श्रीमती नीता कोरी, जिला प्रबंधक मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग वासुदेव दवांडे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

सभापति के पुत्र पर हमला करने वाले 6 आरोपियों को धरदबोचा

पुलिस ने सड़कों पर निकाला पैदल जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पुलिस ने कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाले बदमाशों को कड़ा सबक सिखाया है। भाजपा नेता और नगर पालिका सभापति मीरा राजकुमार यादव के पुत्र आकाश यादव पर फोरलेन स्थित यादव ढाबे पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को पुलिस ने इन अपराधियों का शहर के प्रमुख मार्गों से पैदल जुलूस निकाला, जहां कल तक दहशत फैलाने वाले ये गुंडे आज कान पकड़कर 'आगे से अपराध नहीं करेंगे' के नारे लगाते नजर आए। घटना 8 मई की रात करीब 10:30 बजे की है। आरोपी मोंटू उर्फ ऋषभ सनकत और सिम्मू उर्फ शुभम सोनकर ने यादव ढाबे पर पहुंचकर सिगरेट और 1000 रुपए की अड़ीबाजी (अवैध वसूली) की थी। जब ढाबा संचालक आकाश यादव ने पैसे देने से मना किया, तो आरोपियों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर ढाबे पर जमकर तोडफ़ोड़ की और आकाश यादव व कर्मचारी तुलसीराम अहिरवार पर चाकू व डंडों से हमला कर दिया।

6 आरोपी धराए

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया। पुलिस ने घेराबंदी कर मुख्य आरोपियों सहित उनके साथियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों ऋषभ सनकत उर्फ मोंटू 31, निवासी सूरजगंज, शुभम सोनकर उर्फ सिम्मू 25, निवासी 12 वी लाइन, प्रेम कांत अहिरवार उर्फ लमची 22, निवासी पुरानी इटारसी, निकेतन कहार उर्फ निक्की 23, निवासी पुरानी इटारसी, कृष्णा उर्फ केशू कुमरे 22, निवासी नई गरीबी लाइन, यश उर्फ गोल्डी सोनकर 26, निवासी पुरानी गरीबी लाइन को गिरफ्तार किया है।

जुलूस निकालने के दौरान माफी मांगी

गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों को घटना स्थल की तस्दीक और न्यायालय ले जाते समय पैदल मार्च कराया। इस दौरान अपराधियों के चेहरे पर खौफ साफ देखा जा सकता था। जनता के बीच पुलिस का विश्वास बहाल करने के लिए निकाले गए इस जुलूस में आरोपी सार्वजनिक रूप से माफी मांगते और अपराध से तौबा करते दिखाई दिए। इस कार्रवाई में निरीक्षक गौरव बुंदेला, उनि विपिन पाल, सउनि गुलाब तिवारी, प्रधान आरक्षक मनमोहन अहिरवार, उपेंद्र दुबे और उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

नालियों की सफाई कर डीडीटी पावडर का छिड़काव किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति माखन नगर तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मानागांव ने सेक्टर 04 के ग्राम मानागांव में नालियों की सफाई, नालियों में डीडीटी पावडर का छिड़काव किया।

इस अवसर पर नवांकुर संस्था प्रमुख नीतिराज सिंह यादव ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, सचिव हरिनारायण यादव,नरेंद्र ,गणेश , राजेंद्र, आकाश, लक्की, रामकुमार,दुष्यंत, छोटे पंडा , मोहन, दीपक एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे।

स्टेट हाईवे के गड्ढों से बचकर वाहन निकालने को विवश चालक, नागरिकों ने प्रशासन से की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर शहर में वाइन शॉप के ठीक सामने तथा सीएम राइज़ विद्यालय के समीप स्टेट हाईवे पर जल भराव समस्या है। फिलहाल यहां एक सप्ताह से अधिक समय से गंदा पानी सड़क पर भरा हुआ है तथा गहरे गड्ढे हो गए हैं। गड्ढों के कारण वाहन चालकों को वाहन निकालने में बहुत अधिक परेशानी हो रही है। स्थानीय नागरिकों को भी आवाजाही की बाधा का सामना करना पड़ रहा है।

नागरिकों का कहना है कि पिछले लगभग चार वर्षों से स्टेट हाईवे पर वाइन शॉप के ठीक सामने यह समस्या बनी हुई है। जिसके कारण वर्ष के 12 महीने में से अधिकतर समय स्टेट हाईवे पर नालियों तथा दुकानों का गंदा पानी भरा रहता है। अधिकतर समय गंदा पानी भरा रहने के कारण सड़क धंसने लगी है तथा इसमें गहरे गड्ढे हो गए हैं। जिसके कारण वाहनों की टूट-फूट होती है। वहीं अंजान बाइकर्स गड्ढों के कारण गिरकर चोटग्रस्त भी हो रहे हैं। लेकिन इसके बाद भी आसपास स्थित राजनीतिक प्रभावित लोगों की भूमि से पानी की निकासी की व्यवस्था प्रशासन नहीं बना पा रहा है। भयभीत प्रशासनिक मुखिया सहित समस्त लापरवाह अधिकारियों व कर्मचारियों को सोहागपुर क्षेत्र से हटाने की मांग नागरिकों ने कलेक्टर से की है।

प्रकरणों के निराकरण में प्रगति बढ़ाएं अधिकारी

नर्मदापुरम। राजस्व मामलों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आरसीएमएस पोर्टल पर राजस्व अधिकारियों के प्रदर्शन का विश्लेषण किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कुछ राजस्व अधिकारियों की प्रगति अत्यंत कम है, जो निराशाजनक है। सीमांकन एवं नामांतरण प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाई जाए तथा लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि आरसीएमएस के अनुसार जिन तहसीलों में बॉटम-5 राजस्व अधिकारियों का प्रदर्शन निराशाजनक पाया गया है, उन्हें नोटिस जारी किए जाएं।

धूमधाम से मनाया जाएगा शनिदेव जन्मोत्सव

इटारसी। न्याय देवता के रूप में पूजनीय देव श्री शनिदेव का जन्मोत्सव इस वर्ष भी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। प्रतिवर्षानुसार इस बार 28वें वर्ष में भी समस्त शनि भक्तों द्वारा सब्जी बाजार स्थित शनि मंदिर परिसर में शनिवार 16 मई को भव्य धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत शाम 5 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करेंगे। इसके पश्चात रात्रि 9 बजे से "एक शाम शनिदेव के नाम" भजन संध्या आयोजित की जाएगी। भजनों की प्रस्तुति माँ के बेटे जागरण समिति के कलाकारों द्वारा दी जाएगी।

सभी पर्यवेक्षक 14 तक जनगणना का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें : सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जनगणना चार्ज अधिकारी एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा मंगलवार को नपा के अमृतासभाकक्ष में जनगणना कार्य की समीक्षा की गई है। इस अवसर पर प्रभारी जिला जनगणना अधिकारी शालिनी वर्मा, एएसओ श्री बिहारी, अतिरिक्त चार्ज जनगणना अधिकारी कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी, लिपिक सुनील राठौर उपस्थित रहे।

सीएमओ पटले द्वारा जनगणना कार्य की समीक्षा करते हुए समस्त पर्यवेक्षकों से कार्य की प्रगति की जानकारी ली गई तथा 14 मई तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि जो भी 14 मई तक कार्य पूर्ण नहीं करेगा उस पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जनगणना कार्य में जो भी कठिनाइयां आ रही है उनका समाधान कराएं। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त चार्ज जनगणना अधिकारी द्वारा पर्यवेक्षकों एवं सुपरवाइजरों को जनगणना कार्य के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने सभी को निर्देशित किया कि जनगणना कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, अतः इसे पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समय-सीमा के भीतर संपादित किया जाए। इस कार्य में लापरवाही करने पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

विद्युत उपभोक्ता संपर्क अभियान 14 से शुरू

नर्मदापुरम। जिले में "संपर्क अभियान 2026" अभियान का सफल एवं सुचारु क्रियान्वयन कलेक्टर सोमेश मिश्रा के नेतृत्व में किया जाएगा। अभियान के संबंध में मंगलवार को कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों एवं जिला अधिकारियों को अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई। कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देश दिए कि अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा सभी एसडीएम अपने-अपने अनुविभागों में व्यापक प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने पंचायत स्तर पर मुनादी कराने के निर्देश भी दिए, ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ता शिविरों का लाभ प्राप्त कर सकें।

कृषि उपज मंडी की जमीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम शहर के आईटीआई रोड स्थित कृषि उपज मंडी की जमीन पर पीपीपी (PPP) मोड से शासकीय पेट्रोल पंप खुलने का रास्ता अब साफ होता दिख रहा है। पेट्रोल पंप के लिए आरक्षित इस बेशकीमती जमीन पर सालों से किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रशासन ने मंगलवार को अपनी कार्रवाई तेज कर दी है।

मंगलवार शाम करीब 6 बजे नगर तहसीलदार सरिता मालवीय, राजस्व विभाग, आरआई और नगरपालिका के अतिक्रमण विरोधी अमले के साथ मौके पर पहुंचीं। इस दौरान टीम ने जेसीबी (JCB) की मदद से उस झोपड़ी को ढहा दिया, जिसे केवल जमीन पर कब्जा करने के उद्देश्य से बनाया गया था। प्रशासन ने मौके पर दुकान चला रहे और निवास कर रहे अन्य अतिक्रमणकारियों को कब्जा छोड़ने के लिए 3 दिन का सख्त अल्टीमेटम दिया है।

अतिक्रमणकारियों के दावे हुए खारिज

कथरवाई के दौरान एक कब्जाधारी ने जमीन को अपना बताते हुए दावा पेश किया, जिसे तहसीलदार ने उनकी दलीलों को सुनकर सिरे से खारिज कर दिया। इसके अलावा, तिवारी कॉलोनी के एक कॉलोनाइजर ने भी इस जमीन पर अपना मालिकाना हक जताया था, लेकिन प्रशासनिक जांच में उसका दावा भी झूठा साबित हुआ। जांच में यह पूरी तरह स्पष्ट हो गया कि मध्य प्रदेश वेयरहाउस कॉर्पोरेशन के पास स्थित यह जमीन कृषि उपज मंडी की ही है। तहसीलदार सरिता मालवीय ने बताया कि मंडी की जमीन पर पेट्रोल पंप खोलने की स्वीकृति मिल चुकी है। इसके बाद करीब 6 महीने पहले कृषि उपज मंडी प्रबंधन ने जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिए कलेक्टर को पत्र लिखा था।

अतिक्रमणकारियों को पहले भी कई बार नोटिस जारी किए जा चुके हैं। तहसीलदार ने बताया कि उन्होंने खुद मौके पर जाकर लोगों से कब्जा हटाने को कहा था, लेकिन निर्देशों का पालन नहीं किया गया। अब प्रशासन ने सभी को शुक्रवार तक का अंतिम समय दिया है। यदि तय समय सीमा के भीतर कब्जा नहीं छोड़ा गया, तो इसके बाद प्रशासन सख्ती से अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई करेगा।

शुल्क और दोगुने संपत्ति कर को लेकर कांग्रेस का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगरपालिका द्वारा शहर में कचरा कलेक्शन का कार्य निजी संस्था को सौंपने और दोगुने संपत्ति कर के फैसले पर कांग्रेस ने कड़ा विरोध जताया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पाण्डेय ने नगरपालिका से इन मुद्दों पर जनता के बीच फैले भ्रम को दूर कर वस्तुस्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। कांग्रेस का कहना है कि कचरा कलेक्शन के लिए 125 रुपये प्रतिमाह शुल्क सीधे नागरिकों से वसूला जाएगा या नपा इसका भुगतान करेगी, यह स्पष्ट नहीं है। बिना किसी जमीनी सुधार के शुल्क 600 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये वार्षिक करना आम जनता पर सीधा आर्थिक बोझ है।

कांग्रेस ने मांग की है कि जब तक ठेकेदार एजेंसी अपने वाहन और पूरी व्यवस्था लागू न कर ले, तब तक नई व्यवस्था को स्थगित रखा जाए और नपा-एजेंसी के बीच हुए अनुबंध को सार्वजनिक किया जाए।

दोगुने संपत्ति कर का विरोध किया

बकाया कर पर अचानक दोगुना संपत्ति कर वसूलने के नियम को अन्यायपूर्ण बताया गया है। कांग्रेस ने मांग की है कि आमजन को राहत देते हुए इस नियम को आगामी वित्तीय वर्ष (2027-28) से लागू किया जाए।

नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने चेतावनी दी है कि जनता पर थोपे जा रहे इस आर्थिक बोझ के खिलाफ पार्टी जल्द ही कलेक्टर से शिकायत करेगी और जरूरत पड़ने पर लोकायुक्त व ईओडब्ल्यू का दरवाजा भी खटखटाएगी।

15 से होगा पंचायत एवं नगरीय नामावली का प्रकाशन

जनपद पंचायत के सभागार भवन में पंचायत के प्राधिकृत कर्मचारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत एवं नगरीय निकाय के फोटो युक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 जारी किया गया है जिसमें पंचायत और नगरीय क्षेत्र की मतदाता सूची में नाम जोड़े जाने, विलोपित किए जाने और संशोधन की कार्यवाही नियत कार्यक्रम अनुसार की जावेगी

कलेक्टर महोदय से प्राप्त निर्देशानुसार पुनरीक्षण कार्यवाही हेतु तहसील माखन नगर अंतर्गत जनपद पंचायत के 64 पंचायत के अंतर्गत नियुक्त किए गए प्राधिकृत कर्मचारियों का प्रशिक्षण जनपद सभा हाल माखन नगर में दोपहर 12:00 बजे से आयोजित किया गया एवं नगर परिषद माखन नगर के अंतर्गत 15 वार्डों में नियुक्त किए गए प्राधिकृत कर्मचारी को दोपहर 3:00 बजे से नगर परिषद् सभा हॉल मकान नगर में कार्य का प्रशिक्षण दिया गया

सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार महेंद्र चौहान द्वारा बताया गया जारी कार्यक्रम अनुसार दिनांक 15 मई 2026 को विहित स्थलों पर मतदाता सूची का प्रकाशन कार्य किया जाएगा एवं प्राधिकृत कर्मचारी दिनांक 15 मई 2026 से 25 मई 2026 को दोपहर 3:00 बजे तक अपने-अपने विहित स्थलों पर उपस्थित रहकर दावे आपत्ति आवेदन ई आर 1 (परिवर्धन) ई आर 2 (विलोपन) और ई आर 3 (संशोधन हेतु) कार्यालय समय में सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर प्राप्त करेंगे प्रकाशन से संबंधित तिथि वार कार्य को प्रशिक्षण के माध्यम से अवगत करा दिए गए हैं प्रशिक्षण में हरिप्रसाद बरेले, पंचायत निरीक्षक जनपद पंचायत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जी एस राजपूत, भाजपा मास्टर ट्रेनर समदर्शी सोनी, संतोष तिवारी, राजेश मालवीय, प्रमोद धुर्वे उप यंत्री, रवि शुक्ला, सहित पंचायत के प्राधिकृत कर्मचारी एवं नगर पालिका के प्राधिकृत कर्मचारी उपस्थित रहे।

नर्मदापुरम में 'इंदिरा ज्योति संकल्प यात्रा' का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में 'इंदिरा ज्योति संकल्प यात्रा' का पूरे उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं द्वारा होटल वाटिका में आयोजित एक प्रेस वार्ता से हुई। इसके पश्चात, यह यात्रा रामजी बाबा समाधि स्थल से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों और चौराहों से गुजरते हुए मां नर्मदा के सेठानी घाट पर पहुंचकर संपन्न हुई।

यात्रा के समापन अवसर पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जीवन, उनके दृढ़ संकल्प और राष्ट्रहित में उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों को याद किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रसिद्ध लेखक एवं विचारक भास्कर राव रोकड़े, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, पूर्व विधायक गिरजा शंकर शर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय और यात्रा प्रभारी गोपाल शर्मा सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन कांग्रेस नेता सूरज तिवारी ने किया।

खबर संक्षेप

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य शिविर 13 मई को

बैतूल । जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के माध्यम से जिले में 20 स्वास्थ्य शिविर लगाने की प्राप्त स्वीकृति के परिपालन में 13 मई को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिरापाटला में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, मनोरोग चिकित्सक, एमडी मेडिसिन, दंत रोग चिकित्सक चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जांच की जाएगी। डिजीटल हेल्थ आईडी, आयुष्मान कार्ड अन्य स्वास्थ्य जांच, मलेरिया, टीबी, सिकल सेल स्क्रीनिंग ब्लड जांच, एक्स-रे, परिवार कल्याण काउंसलिंग की जाएगी।

विद्युत संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए शिविर 14 मई को

बैतूल। संपर्क अभियान के तहत विद्युत संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड वितरण केन्द्र बैतूल शहर जोन-2 द्वारा 14 मई को वरद लॉन चक्कर रोड बैतूल में शिविर का आयोजन किया जाएगा। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल शहर जोन-2 प्रबंधक ने बताया कि सुबह 10 बजे से आयोजित शिविर में कलस्टर क्रमांक-4 मोती वार्ड क्रमांक-11 एवं देशबंधु वार्ड क्रमांक-12 के उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याएं सुनीं जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

बैतूल जिले को मिले 128 पुलिस कांस्टेबल

बैतूल। जिले में पुलिस बल की कमी को देखते हुए गृह मंत्रालय ने 128 नए पुलिस कांस्टेबल की बैतूल में नियुक्ति की है। आज नए पुलिस कांस्टेबलों का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया गया। डीएसपी शैफा हाशमी ने बताया कि 128 नव आरक्षक की तैनाती बैतूल में हुई है इनमें से 59 महिलाएं और 69 पुरूष हैं। इनका आज जिला अस्पताल में मेडिकल कराया गया। इसके साथ ही इनके साथ ही इन सभी के संबंधित जिलों में कैरेक्टर वैरीफिकेशन की प्रक्रिया भी की जा रही है।

प्लांट डिसमेन्टल के दौरान हादसा, बेल्डर झुलसा

सारनी। मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के सतपुड़ा थर्मल पावर प्लांट सारनी में 6 नंबर इकाई डिस्मेंटल के दौरान हादसा हो गया। इसकी सूचना मिलते ही चिनार स्टील प्राइवेट लिमिटेड में हड़कंप मच गया और आनन फानन में गंभीर रूप से घायल वेल्डर को इलाज के लिए जिला मुख्यालय ले जाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश निवासी अब्दुल छह नंबर इकाई में डिस्मेंटल के दौरान चालू लाइन में कटिंग के समय संपर्क में आ गया। जिससे वह झुलस गया। गंभीर हालत में वेल्डर को इलाज के लिए निजी कंपनी के कर्मचारी जिला मुख्यालय पर स्थित निजी अस्पताल ले गए। जबकि कार्यस्थल से महज 200 मीटर की दूरी पर मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी का क्षेत्रीय चिकित्सालय मौजूद है। यहां पर वेल्डर का प्राथमिक इलाज होना चाहिए था। लेकिन मीडिया से दूरी बनाने के चक्कर में घायल का प्राथमिक उपचार कराए बिना ही उसे 50 किलोमीटर दूर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इससे कार्यरत कंपनी और स्थानीय प्रबंधन पर सवाल उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि जब से पॉवर प्लांट की 4 इकाइयों के डिसमेन्टल का काम चल रहा है। तब से इस प्रकार के और भी हादसे हो चुके हैं। सूत्र बताते हैं कि सुरक्षा नियमों की अनदेखी और मनमानी की वजह से हादसे हो रहे हैं। वहीं इस मामले में थाना प्रभारी जयपाल इवनाती का कहना है कि, प्लांट में हादसा हुआ है। लेकिन इसकी सूचना संबंधित कंपनी और सुरक्षा विभाग से हमें नहीं दी गई। इसके लिए पत्राचार किया जा रहा है। मामले में एमपीपीजीसीएल प्रभारी डॉ विजय रघुवंशी का कहना है कि प्लांट डिस्मेंटल के समय हादसा हुआ है। लेकिन करंट से झूलसे व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल नहीं लाया गया।

खरीदी केन्द्रों पर धूप से बचने किसानों को लेना पड़ रहा ट्रॉलियों का सहारा

केंद्र पर तौल की रफ्तार धीमी, किसान परेशान, करना पड़ रहा लंबा इंतजार

संजय द्विवेदी ▶▶ बैतूल

मध्यप्रदेश का बैतूल जिला हर साल बड़े पैमाने पर गेहूं के उत्पादन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है जो प्रदेश एवं देश की खाद्य सुरक्षा में विशेष योगदान करता है लेकिन इस बार गेहूं तुलाई के मामलों में सरकारी नीतियों और प्रक्रियाओं को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। खासतौर पर गेहूं तुलाई के लिए प्रक्रिया जटिल और समय बाध्य होने को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे है। किसानों की स्लॉट बुकिंग की समस्या सुलझाने के बाद अब खरीदी केंद्रों पर तुलाई की धीमी रफ्तार ने उनके लिए नई मुसीबत खड़ी कर दी है। हालात यह है कि इस भीषण गर्मी के बीच जब लोग कूलर और पंखों के सामने से हटने को तैयार नहीं, तब अन्नदाता खुले आसमान और तपती धूप के नीचे दिन-रात गुजारने को मजबूर हैं। भीषण धूप से बचने के लिए किसानों के पास केवल सडक़ का बिछौना और ट्रैक्टर-ट्राली की छांव ही एकमात्र सहारा है। ऐसे में समर्थन मूल्य में गेहूं का उपार्जन किसानों के लिए परेशानी का सबब बनते जा रही है। टिगरिया गांव के किसान चंद्रशेखर यादव, बैतूलबाजार के प्रसून चौधरी, बंटी वर्मा आदि का कहना है कि पहले खरीदी शुरू करने में देरी हुई। फिर सैटेलाइट सर्वे, स्लॉट बुकिंग में दिक्कतें और अब केंद्रों पर खरीदी की धीमी रफ्तार ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। किसानों का आरोप है कि कई खरीदी केन्द्रों पर चिलचिलाती धूप और गर्मी से बचने के लिए पर्याप्त सुविधा तक नहीं है।



किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली या पेड़ों के नीचे छांव में बैठकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे है। एक-दो दिन से लेकर तीन दिन के लंबे इंतजार के बाद भी तुलाई नहीं हो पा रही है। केन्द्रों पर दोपहर 12 बजे के बाद खरीदी शुरू होती है। दिनभर में 5-6 ट्रॉलियां ही मुश्किल तौली जाती है। ऊपर से हर दिन बिगड़ते मौसम के कारण किसानों को फसल भीगने की चिंता अलग से सता रही है। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष गब्बर गोचरे का कहना है कि केंद्रों पर खरीदी की रफ्तार बढ़ाई जानी चाहिए, ताकि किसानों को लंबे समय तक तौल का इंतजार न करना पड़े। उनका कहना है कि किसान की परेशानियों का समाधान तभी संभव है, जब सरकार, प्रशासन अपनी नीतियों को जमीनी हकीकत के अनुरूप बनाकर उन्हें धरातल पर प्रभावी तरीके से लागू करें।

80 करोड़ का भुगतान

इस साल शासन द्वारा 2625 रुपये प्रति क्विंटल गेहूं का समर्थन मूल्य तय किया गया है। इसमें गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपये है, जबकि 40 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देने की घोषणा सरकार ने की है। जिसकी वजह से इस साल जिले के अधिकतर किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूं की उपज बेचने के लिए पंजीयन कराया है। इन किसानों को अब तक लगभग 80 करोड़ रूपये का भुगतान किया जा चुका है, जबकि 15 करोड़ के भुगतान पर हस्ताक्षर होकर यह पाइप लाइन में है। अब तक जिले में 8965 किसानों से लगभग 48,772 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की गई है। जिला खाद्य अधिकारी कृष्ण कुमार टेकाम का कहना है कि जैसे-जैसे गेहूं की खरीदी हो रही है, किसानों का भुगतान भी किया जा रहा है। यदि किसी किसान की स्लॉट बुकिंग की आज अंतिम तारीख है, तो उसे तौल पर्ची जारी कर दे रहे हैं, इसके बाद अगले 2 दिन में समिति वाले बिल जनरेट कर देते हैं, और भुगतान कर दिया जाता है।

50 प्रतिशत चमक विहीन गेहूं भी खरीद रही सरकार

बेमौसम बारिश की मार झेल चुके किसानों के लिए राहत भरी खबर यह है कि असमय वर्षा के कारण गेहूं की फसल की चमक कम हो गई है। चमकविहीन गेहूं की खरीदी पर नियमों में ढील देकर किसानों को राहत दी गई है। लस्टर लॉस का मानक 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके अलावा टूटे और सिकुड़े हुए दानों के मानक में भी ढील दी गई है। बताया जा रहा है कि शासन द्वारा जारी किये गये नियमों के तहत खरीदे गये इस गेहूं को सामान्य गेहूं के साथ नहीं मिलाया जायेगा। इस गेहूं का भंडारण और लेखा-जोखा पूरी तरह से अलग रखा जायेगा।

इनका कहना है -

विगत दिनों आंधी-तूफान की वजह से कुछ जगहों पर व्यवस्था बिगड़ गई थी। वहां छांव के पर्याप्त इंतजाम नहीं है, जो करवाए जा रहे हैं। विभागीय अधिकारियों द्वारा समय-समय पर जिले भर के सभी केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को बनाने के निर्देश दिये जा रहे है। आज तक 8965 किसानों से लगभग 48,772 एम.टी. (लगभग 4,84,724 क्विंटल) गेहूं की खरीदी की जा चुकी है।

- कृष्ण कुमार टेकाम, जिला खाद्य व आपूर्ति अधिकारी, बैतूल

18,969 किसानों का पंजीयन, 8965 किसानों ने बेचा गेहूं

जिले में इस बार समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए बड़ी संख्या में किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। गेहूं बेचने के लिए जिले में 18969 किसानों ने पंजीयन कराया है। वहीं 8965 किसानों से लगभग 48,772 मेट्रिक टन (लगभग 4,84,724 क्विंटल) गेहूं की खरीदी की गई है। बताया जा रहा है कि जिले में अभी भी 1-2 खरीदी केन्द्र ऐसे है, जहां अभी तक खरीदी शुरू नहीं हुई है। हालांकि इन केंद्रों पर गेहूं बेचने के लिए किसानों ने स्लॉट जरूर बुक कराया है, लेकिन अभी तक उपज लेकर केन्द्र नहीं पहुंचे है, जिससे इन केंद्रों पर खरीदी का आंकड़ा शून्य है। वैसे अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही इन केंद्रों पर भी किसान पहुंचने लगेंगे।

केन्द्र बस्ती से दूर, चाय-पानी तक को तरस रहे किसान

जिले में गेहूं खरीदी के लिए 64 केन्द्र बनाये गये है। इनमें से कुछ केन्द्र गांव-बस्ती से दूर वेयर हाउस में बने है। जो रिहायशी इलाको से काफी दूर सुनसान स्थानों पर स्थित है। केन्द्र पर केवल पीने के पानी की व्यवस्था है, लेकिन चाय-नाश्ते की काफी परेशानी है। ऐसे में किसानों को यदि चाय भी पीना है तो काफी दूर तक जाना पड़ता है। किसानों ने बताया कि अधिकारियों द्वारा बार-बार निरीक्षण कर केन्द्रों पर किसानों के लिए पर्याप्त छांव और पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये है, लेकिन यह निर्देश केवल अधिकारियों के मौखिक आदेश तक ही सीमित है। यह निर्देश धरातल पर अभी तक लागू नहीं हो सके हैं। केन्द्रों पर पर्याप्त सुविधाएं नहीं होने के कारण किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

शराब दुकान हटाने जनसुनवाई में पहुंची महिलाएं

कांग्रेस नेत्री सीमा अतुलकर के नेतृत्व में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आज शराब दुकान हटाने की मांग लेकर खेड़लीबाजार कि महिलाओं ने कांग्रेस नेत्री सीमा अतुलकर ने नेतृत्व में एसडीएम को ज्ञापन दिया। शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर महिलाओं ने जनपद चौराहे पर प्रदर्शन भी किया। अनुविभागीय अधिकारी शैलेंद्र बड़ोनिया को शिकायत करने पहुंची महिलाओं ने बताया कि खेडलीबाजार ग्राम को बीचो बीच शराब दुकान संचालित होने से ग्रामीणों को परेशानी होती है।ग्राम में अस्पताल, सेवा सहकारी समिति ,शासकीय स्कूल एवं रहवासी क्षेत्र के बीच में शराब दुकान है। शराब दुकान पर प्रतिदिन शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है।

शराबियों के बीच गाली गलौच और मार-पीट की घटनाएं होती है। जिसके कारण ग्राम का माहौल बिगड़ता है। शराबियों के डर से महिलाओं को राशन दुकान से राशन लाने में परेशानी होती है। स्कूल की छात्राओं के साथ छेडछाड़ की घटना होने की आशंका बनी रहती है। शराब दुकान हटाने के लिए ग्राम पंचायत ने भी प्रस्ताव पारित किया था। लगातार आवेदन और निवेदन के उपरांत भी शराब दुकान अन्यत्र स्थानांतरित नहीं होने से महिला वर्ग भयभीत है। शिकायत में बताया कि 21 अप्रैल को कलेक्टर बैतूल और 11 मार्च को अनुविभागीय अधिकारी आमला को शिकायत की गई थी। 1 अप्रैल को खेड़ली बाजार की ग्राम सभा ने शराब दुकान का स्थान परिवर्तन का प्रस्ताव पारित किया। लेकिन आज तक शराब दुकान का स्थान परिवर्तन नहीं किया गया है।

शिकायतकर्ता महिलाओं के पति को शराब दुकान संचालक के लोगों द्वारा जान से मारने की धमकी अप्रत्यक्ष रूप से दी जा रही है।

श्रीश्री रविशंकर का 70वां जन्मोत्सव आज मनेगा

बेंगलुरु के प्रसिद्ध गायक आदित्य धनोतिया मधुर भजनों की देंगे प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

अंतरराष्ट्रीय संस्था आर्ट ऑफ़ लिविंग के पूज्य संस्थापक श्री श्री रविशंकर का 70वें जन्मोत्सव 13 मई बुधवार को मनाया जाएगा। इस मौके पर आर्ट ऑफ लिविंग परिवार द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन रामकृष्ण बगिया में शाम 7 बजे से होगा। इसमें दिव्य गुरु पूजा और भव्य भजन संध्या होगी। इस शुभ अवसर पर संस्था के प्रशिक्षक और प्रसिद्ध गायक आदित्य धनोतिया बेंगलुरु द्वारा मधुर भजनों के साथ ध्यान भी करवाया जाएगा।

संस्था की जिला समन्वयक डॉ अलका पांडे एवं वरिष्ठ प्रशिक्षक राजू सोनारे एवं अनिल शर्मा ने सभी नगरवासियों से अनुरोध किया है कि वे अपने परिवार के साथ इस पावन संध्या में शामिल होकर आध्यात्मिक सुकून का अनुभव करें।

पारसडोह ताप्ती मोक्षधाम में घाट निर्माण की मांग तेज

17 गांवों के ग्रामीणों ने प्रशासन से लगाई गुहार पक्की सीढ़ियां और सीसी रोड बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

ग्राम पंचायत गौला-रावा क्षेत्र अंतर्गत पारसडोह स्थित पवित्र ताप्ती नदी तट पर मोक्षधाम तक पक्की सीढ़ियां (घाट) एवं सीसी रोड निर्माण की मांग अब तेज हो गई है। क्षेत्र के ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से शीघ्र निर्माण कार्य कराने की मांग उठाई है। इस संबंध में जनपद पंचायत मुलताई की जनपद सदस्य एवं स्वास्थ्य तथा महिला बाल विकास समिति की सभापति श्रीमती शर्मिला सुनील पंडोले ने अनुविभागीय

अधिकारी (राजस्व) मुलताई को आवेदन सौंपकर समस्या से अवगत कराया। आवेदन में बताया गया कि ग्राम पंचायत गौला, रावा, पौनी, कुटखेड़ी, लिंडढ़ा, तावला, मनोरा, सिपाई, बारधी, खेड़ीकोर्ट, निमनवाड़ा और ऐनखेड़ सहित आसपास के लगभग 17 गांवों के ग्रामीण अंतिम संस्कार, दशक्रिया और धार्मिक कार्यों के लिए पारसडोह स्थित ताप्ती नदी मोक्षधाम पहुंचते हैं।

जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा

प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान के अंतर्गत समितियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान अंतर्गत नर्मदापुरम एवं हरदा जिले की प्रस्फुटन समितियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम भारत भारती परिसर बैतूल में सफलतापूर्वक प्रारम्भ हुआ। प्रशिक्षण में विकासखंड केसला, नर्मदापुरम, सिवनी मालवा एवं खिरकिया के प्रतिभागियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यपालक निदेशक म.प्र. जन अभियान परिषद डॉ. बकुल लॉड, वरिष्ठ समाजसेवी श्री अनिल अग्रवाल, श्री मुकेश

त्यागी, नरेन्द्र यादव तथा संभाग समन्वयक कौशलेश प्रताप तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा श्रीमती प्रिया चौधरी द्वारा प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि डॉ. बकुल लॉड ने अपने उद्बोधन में प्रस्फुटन ग्रामों के विकास में सामुदायिक सहभागिता की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए जन अभियान परिषद की विभिन्न गतिविधियों एवं ग्रामीण विकास के उद्देश्यों से प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराया। प्रशिक्षण के तकनीकी सत्र संभाग समन्वयक कौशलेश प्रताप तिवारी, जिला समन्वयक प्रिया चौधरी एवं जिला समन्वयक नर्मदापुरम पवन सहगल द्वारा संचालित किए गए। सत्रों में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा के साथ-साथ सतत विकास लक्ष्यों एसडीजीएस पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के समापन सत्र जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर जी द्वारा प्रस्फुटन समिति के द्वारा आदर्श ग्राम बाचा का उदाहरण प्रस्तुत कर ग्राम विकास के लिए विभिन्न आयामों से अवगत कराया। सभी प्रशिक्षणार्थियों को श्री जितेंद्र तिवारी द्वारा जैविक कृषि प्रकल्प का भ्रमण कराया गया।

करोड़ों खर्च करने के बाद भी सरोवर में नहीं रुक रहा पानी

करोड़ों खर्च फिर भी सूखा रहा सूर्य नारायण सरोवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

नगर पालिका मुलताई द्वारा अमरावती रोड स्थित नेहरू वार्ड के सूर्य नारायण सरोवर में जल संग्रहण सुनिश्चित करने के लिए लगभग एक करोड़ रुपए की राशि खर्च की गई, लेकिन भारी-भरकम खर्च के बावजूद इस वर्ष भी सरोवर में पानी नहीं रुक सका। हालात यह रहे कि गर्मी शुरू होते ही सरोवर पूरी तरह सूख गया और उसमें ह्लचिड़िया के पीने लायक पानीह्व तक संग्रहित नहीं हो पाया। इसे लेकर नगरवासियों में भारी नाराजगी है तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता और तकनीकी प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं।

सरोवर छोटा कर छोड़ी गई शासकीय भूमि

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि जीर्णोद्धार के नाम पर सूर्य नारायण सरोवर की पुरानी सीमाओं को कम कर उसका आकार छोटा कर दिया गया। इससे करोड़ों रुपए मूल्य की शासकीय भूमि खाली हो गई, जिसे भविष्य में अतिक्रमण के लिए खुला छोड़ने जैसी स्थिति बन गई है। इस मुद्दे को लेकर नगर में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं और लोग पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

तीन दशक पहले हुआ था निर्माण

उल्लेखनीय है कि लगभग तीन दशक पूर्व ताप्ती सरोवर के गहरीकरण से निकली मुरम एवं मिट्टी से सूर्य नारायण सरोवर का निर्माण किया गया था। तब से लेकर अब तक नगर पालिका अलग-अलग समय में चार बार इस सरोवर के सुधार एवं जल संग्रहण क्षमता बढ़ाने के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च कर चुकी है, लेकिन हर बार परिणाम निराशाजनक ही रहे हैं।

डीपीआर पर पहले भी उठे थे सवाल

इस बार मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना 2.0 के अंतर्गत लगभग एक करोड़ रुपए की लागत से सरोवर के जीर्णोद्धार का प्रस्ताव तैयार किया गया था। उस समय स्थानीय नागरिकों और समाचार पत्रों ने डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) की तकनीकी खामियों को लेकर सवाल उठाए थे। इसके बाद डीपीआर में कोर कट, पिचिंग तथा अन्य तकनीकी प्रावधान जोड़े गए और नगरवासियों को भरोसा दिलाया गया कि इस बार सरोवर में पर्याप्त जल संग्रहण होगा।

हालांकि, बरसात समाप्त होते ही सरोवर फिर खाली हो गया, जिससे नगर पालिका के दावों पर प्रश्नचिह्न लग गए हैं।

घटिया निर्माण और गुणवत्ता जांच पर सवाल

जानकारों का कहना है कि तकनीकी सुधार किए जाने के बावजूद निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीरता नहीं बरती गई। आरोप है कि कोर कट की चौड़ाई निर्धारित मानकों के अनुसार नहीं रखी गई और उसमें उपयोग की गई काली मिट्टी की गुणवत्ता की नियमित जांच भी नहीं कराई गई।

इसके अलावा मिट्टी में उचित नमी बनाए रखकर लेयर कम्पेक्शन नहीं किए जाने की बात भी सामने आ रही है। विशेषज्ञों के अनुसार यदि कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाता और नाला क्लोजर सही ढंग से होता, तो पहले ही वर्ष पानी का रुकना सुनिश्चित होता।

पहले वर्ष पानी नहीं रुकना तर्क पर भी सवाल

नगर पालिका के उपयंत्री द्वारा यह तर्क दिया जा रहा है कि पहला वर्ष होने के कारण पानी नहीं रुका और अगले वर्ष गाद जमने के बाद पानी रुक सकेगा। लेकिन सिंचाई विभाग से जुड़े तकनीकी जानकार इस दावे को गलत बताते हैं। उनका कहना है कि यदि निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप हुआ हो तो पहले ही वर्ष जल संग्रहण होना चाहिए। विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि मिट्टी की गुणवत्ता, वेट टेस्ट, मॉइस्चर कंटेंट तथा कम्पेक्शन संबंधी रिकॉर्ड नगर पालिका के पास उपलब्ध हैं या नहीं, यह भी जांच का विषय है।

जांच और कार्रवाई की मांग

नगरवासियों ने पूरे निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कराने, सरोवर का आकार कम किए जाने की जांच करने तथा दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि जनता के टैक्स का करोड़ों रुपए खर्च होने के बाद भी यदि जल संरक्षण का उद्देश्य पूरा नहीं हो रहा है तो इसकी जवाबदेही तय होना आवश्यक है।

इनका कहना है

मेरे मुलताई जॉइन करने से पहले ही सूर्य नारायण सरोवर का कार्य टॉप लेवल तक पहुंच चुका था। सरोवर को छोटा क्यों किया गया, इसकी जानकारी मुझे नहीं है। यह पहला वर्ष है, इसलिए पानी नहीं रुका। मुझे लगता है कि अगले वर्ष पानी अवश्य रुकेगा।

महेश शर्मा, उपयंत्री, नगर पालिका मुलताई

नगर में हर चार माह में खेल के बड़े आयोजन होते हैं और होते रहेंगे: विधायक विजयपाल सिंह

मनोज खंडेलवाल स्मृति विधायक ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न रामगंज टाइगर ने जीती प्रतियोगिता, उपविजेता रही 72 फाइटर्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नगर में दस दिनों से चल रही सोहागपुर प्रीमियर लीग नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का सोमवार को फाइनल महा मुकाबला हुआ। प्रतियोगिता में रामगंज फाइटर ने विजेता का खिताब जीता। वहीं 72 फाइटर्स उप विजेता बनी।

आयोजक पार्षद आशीष विश्वकर्मा ने बताया कि भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक प्रतिनिधि स्वर्गीय मनोज खंडेलवाल की स्मृति में प्रतिवर्ष रेलवे ग्राउंड पर यह प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। इस वर्ष प्रतियोगिता का तीसरा सीजन था। जिसमें आठ टीमों ने सहभागिता की। सभी टीमों ने श्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन किया तथा फाइनल मुकाबला रामगंज टाइगर एवं 72 फाइटर्स टीमों के बीच हुआ। समापन समारोह में अतिथियों द्वारा मंच पर मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर स्वर्गीय मनोज खंडेलवाल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये। पार्षद आशीष विश्वकर्मा एवं यश खंडेलवाल ने सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवं माला से स्वागत किया। आशीष ने स्वागत भाषण दिया। मैच प्रारंभ होने के पूर्व सांसद दर्शन सिंह चौधरी तथा विधायक विजयपाल सिंह ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से मैदान पर परिचय प्राप्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष लता यशवंत पटेल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष निखिलेश चतुर्वेदी, नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सुरेश पटेल, वरिष्ठ भाजपाई अभय खंडेलवाल, जेपी माहेश्वरी, नारायण दास छाबड़िया, राजेन्द्र बाहेती, नन्नू छाबड़िया, यशवंत पटेल, भगवान सिंह पटेल, प्रतिपाल सिंह खनूजा, रामबाबू रघुवंशी, जिला मंत्री पुष्पा वर्मा, माखननगर नपाध्यक्ष आकाश तिवारी, सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज आदि उपस्थित रहे।

नर्मदापुरम। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते सांसद एवं विधायक। विजेता टीम को पुरस्कृत करते अतिथि।

रोमांचक रहा फाइनल

रामगंज टाइगर ओर 72 फाइटर्स के मध्य खेला गया फायनल मुकाबला रोमांचक रहा। जिसमें 72 फाइटर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 121 रन बनाए। जवाबी पारी में रामगंज टाइगर ने नौ ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर खिताब अपने नाम किया। आयोजन के दौरान पुलिस, नगर परिषद, रेल्वे तथा टीम ऑनर्स का सम्मान विधायक एवं सांसद द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत आशीष विश्वकर्मा एवं यश खंडेलवाल द्वारा किया गया। विजेता टीम रामगंज टाइगर को 81,000 रुपये नगद एवं ट्रॉफी दिये गए। वहीं उपविजेता रही टीम 72 फाइटर्स को 41,000 रुपये नगद एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। ईनाम की राशि विधायक विजयपाल सिंह द्वारा दी गई। मैन ऑफ द सीरीज सब्बीर शाह को कूलर खनूजा गैस एजेंसी द्वारा एवं ट्रॉफी दी गई। मैन ऑफ द मैच रामगंज टाइगर के जानू को दिया गया। फाइनल में अंपायरिंग शिवम दुबे और रवि डे द्वारा की गई। मंच संचालन पवन सिंह चौहान द्वारा किया गया। विधायक विजयपाल सिंह ने कहा कि सोहागपुर नगर में प्रति चार माह के अंतराल पर खेल आयोजन होते रहते हैं। और आगे भी आयोजन जारी रहेंगे।

खबर संक्षेप

मानक देवी जैन का निधन

माखन नगर। दवा आदान विक्रेता

संघ के अध्यक्ष विजय जैन, राजेश जैन ,सुदेश, संजय, सुनील जैन, की माता जी एवं स्वर्गीय शांतिलाल जैन की धर्मपत्नी मानक देवी जैन 82वर्ष का मंगलवार सुबह 6:00 निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास से शाम 4:00 बजे निकाली गई अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया नगर के सामाजिक धार्मिक एवं व्यापारी संगठन ने मानक देवी के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए जैन परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

रेलवे रूट पर हुआ मार्ग परिवर्तन

सोहागपुर। पिपरिया एवं सोहागपुर के बीच रेलवे रूट पर ओवरहॉलिंग कार्य के कारण 12 मई से 19 मई 2026 की सुबह तक सड़क मार्ग पर यातायात का रूट परिवर्तन किया गया है। रेलवे के सोहागपुर स्थित सीनियर सेक्शन इंजीनियर कार्यालय से जारी पत्र के अनुसार समपार जिसके लिये 12 मई रात 10 बजे से 19 मई 2026 की सुबह आठ बजे तक आकस्मिक कार्य के लिये रोड यातायात पूर्णतः बंद रहेगा। यातायात की वैकल्पिक व्यवस्था की गई है।

सामूहिक जन सुनवाई में आए 11 आवेदन, निराकरण बाकी

राजस्व विभाग के निरीक्षक पर रिश्वत लेकर भी काम न करने का आरोप जड़ा

मंगलवार को सोहागपुर के जनपद सभागार में सामूहिक जन सुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें नागरिकों ने 11 आवेदन दिए गए। इस दौरान अधिकारी मौजूद रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर जपं सभागार में मंगलवार को सामूहिक जन सुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें नागरिकों ने 11 आवेदन दिये, जिन्हें निराकरण के लिये संबंधित विभागों को भेजा गया है।

जन सुनवाई में उस समय हड़कंप मच गया जब एक सेवानिवृत शासकीय शिक्षक ने सोहागपुर राजस्व विभाग के एक राजस्व निरीक्षक पर रिश्वत लेने का आरोप लगाया। आवेदन में सेवानिवृत्त शासकीय शिक्षक प्रहलाद गढ़वाल 63 वर्ष ने उल्लेख किया है कि ग्राम मगरिया में उनकी पत्नी रूकमणी गढ़वाल के नाम पर कृषि भूमि है। उन्होंने कई बार सीमांकन के आवेदन लोक सेवा केंद्र में दिये, जिन्हें आरआई उइके ने आपत्ति लगाकर खारिज किया। आवेदक ने 19 मार्च 2026 को आरआई उइके को मोबाइल पर सूचितकर सीमांकन का आवेदन लगाया तो उईके ने 22 मार्च को सीमांकन कर आवेदक से 20,000 रूपये की मांग की। आवेदक ने 20,000 रूपये दिये, लेकिन आरआई ने अब तक भूमि सीमांकन का ना पंचनामा बनाया है, ना फील्ड बुक नक्शा तैयार किया है। दूसरे आवेदन में आवेदक रीतेंद्र सिंह राजपूत ने उल्लेख किया है कि सेंट पैट्रिक स्कूल के सामने उनके खेत में जाने का रास्ता नहीं है। मेढ़ पड़ौसी चंद्रविजय पटैल एवं भूपेन्द्र दुबे के खेत के बीच में से शासकीय नाला है, जिस पर अतिक्रमण है। आवेदक के अनुसार सीमांकन कर नाले पर रास्ता स्वीकृत करें। राजप्रताप पिता रामभरोस अहिरवार रिटालखाया के आवेदन अनुसार उसके मकान के पास स्थित सरकारी रास्ते पर कुछ लोगों ने रोक लगाई है। रीतेन्द्र सिंह राजपूत अंबेडकर वार्ड सोहागपुर के अनुसार ऑईकॉन सिटी से लगे उनके खेत में जाने का रास्ता नहीं है। अतः खेत में आवाजाही के लिये किसान ने कालोनी की दीवार बिना किसी वाद विवाद तोड़ने की मांग की है। नारायण चौरसिया पुत्र दुर्जन प्रसाद चौरसिया गांधी वार्ड सोहागपुर ने सीमांकन की मांग की है। पुष्पराज कुशवाहा निवासी सरदार वार्ड सोहागपुर के आवेदन अनुसार उनके मोहल्ले में नप ने रोड बनाई, लेकिन आवेदक के घर के सामने रोड एवं नाली अधूरी छोड़ी है। जिससे गंदा पानी घर में आता है।

अन्य आवेदन भी निराकरण की प्रतीक्षा में

शैलेंद्र ठाकुर तालाखेड़ी ने खेत की चतुर्सीमा समस्या के समाधान का, खुशीलाल रघुवंशी व कल्लू रघुवंशी निवासी निवासी गांधी वार्ड सोहागपुर ने मकान लीज नवीनीकरण का, गौतम कहार अंबेडकर वार्ड ने किसी राहुल द्वारा फसल को नुकसान पहुंचाने का आवेदन दिया है। बंगाली कॉलोनी सुभाष वार्डवासियों ने शिकायत की है कि वार्ड में नगर परिषद सोहागपुर द्वारा रोड क्रॉस कर नाली बनाई जा रही है। आवेदकों ने मांग की है कि नाली को पहले से बने नाले में जोड़ा जाए। सेमरी हरचंद निवासी याद खां एवं कदीर खान दोनों पुत्र रहमान खान ने जनगणना मकान नंबर में नाम जुड़वाने का आवेदन दिया है। अगले आवेदन में शहर के मुख्य बाजार स्थित श्री देव बिहारी मंदिर व इसकी 22 दुकानों को क्षतिग्रस्त घोषित करने की मांग की है।

बिना हेलमेट बाइक राइडर्स से वसूला 56 हजार समन शुल्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन में नर्मदापुरम जिले में हेलमेट ना पहनने वाले बाइकर्स पर कार्यवाही अभियान संचालित किया गया। जिसमें 50 हजार रुपये से अधिक राशि का जुर्माना बाइकर्स पर किया गया है।सोहागपुर थाना प्रभारी राहुल रायकवार एवं एएसआई गणेश राय ने बताया कि अभियान को थाना सोहागपुर में 26 अप्रैल 2026 से 10 मई 2026 तक चलाया गया। हेलमेट लगाने के लिए वाहन चालकों को जागरूक किया गया एवं बिना हेलमेट चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई भी की गई है। थाना प्रभारी रायकवार के अनुसार अभियान के दौरान 179 प्रकरणों में 56,500 रुपये का जुर्माना भी वसूल किया गया है। हेलमेट अभियान संबंधी जागरूकता के लिए थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगह पर लोगों को समझाइश दी गई।

इसके अलावा सामूहिक विवाह चारगांव में भी हेलमेट लगाने के लिए नवयुगल जोड़ों को प्रेरित किया गया था। अभियान का मुख्य उद्देश्य आए दिन बिना हेलमेट लगाने पर होने वाली दुर्घटनाओं में कमी लाना है।

धान खरीदी में समूह संचालक पर कार्रवाई करने पुलिस को दिया आवेदन

पिपरिया। जनपद पंचायत क्षेत्र की कृषक सेवा सहकारी समिति रामपुर को धान की खरीदारी नहीं दी गई थी। कुछ समय बाद किरण स्वा सहायता समूह संचालक किरण वाथरेको को दी गई थी। मां शारदा वेयरहाउस में खरीदी केंद्र बनाया गया था।यह समूह पुनौर गांव का समूह संचालक किरण वाथरेको को दी गई थी। जिसमें लगभग 900क्विंवटल धान 1800कटटीकी घटती बताई गई थी। जिसकी समर्थन मूल्य की कीमत लगभग 20लाख रूपए के आसपास होती है। जो धान एवं राशि आज दिनांक तक समुहमें नजांच जमा नहीं कराई गई है। जिसके कारण किसानों को सल का भुगतान नहीं किया गया है।ऐसी स्थिति में लगातार समझाइश के बाद जमा नहीं कराई गई इस कारण से किसानों का भुगतान लगभग 21लाख के आसपास है। भुगतान नहीं हुआ है।इस कारण मनोज शुक्ला खाद्य सुरक्षा नागरिक आपूर्ति अधिकारी मनोज शुक्ला ने मंगलवारा थाना में आवेदन किया गया है।एफ आई आर दर्ज करने के लिए। गिरीश त्रिपाठी थाना प्रभारी ने बताया कि अभी तक एफ आई आर दर्ज नहीं कराई गई है। मामले की जांच चल रही है। जांच के बाद ही कुछ कार्रवाई की जा सकती है।

लाइट की समस्या से परेशान किसानों ने सब स्टेशन का किया घेराव, जेई को हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

आरी विद्युत मंडल केमाखन नगर ग्राम बीकोर एवं आसपास के ग्रामीण लगभग 12 दिन से विद्युत समस्या से जूझ रहे हैं किसानों ने बीकोर सब स्टेशन का घेराव किया और धरना देकर बैठ गए किसानों का कहना है कि बिजली समस्या से किसान परेशान है जब सब स्टेशन पर कर्मचारियों को अवगत कराते हैं तो दुर्व्यवहार किया जाता है सब स्टेशन पर जो ऑपरेटर है ना तो वह फोन उठाता है ना जे ई फोन उठाते हैं किसानो की मूंग की फसल लाइट नहीं मिलने से सूखने की कगार पर आ गई है।

मंगलवार को आक्रोशित प्रभावित ग्रामों के किसानों ने बीकोर सब स्टेशन का घेराव किया और विद्युत मंडल के विरुद्ध नारेबाजी की वरिष्ठ भाजपा नेता सतनारायण पाराशर ने वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी सूचना दी मौके पर माखन नगर ए ई संजय सिन्हा पहुंचे तो किसानो ने आरी विद्युत मंडल के जे ई संदीप चौहान एवं आपरेटर राजकुमार को हटाने की मांग की सत्यनारायण पाराशर ने बताया ए ई सिन्हा ने लापरवाह कर्मचारियों पर कार्यवाही के लिए डी ई को अवगत कराया है एवं विद्युत व्यवस्था में सुधार का आश्वासन दिया है।

210 बोरी डीएपी खाद हुआ गायब, किसान हो रहे हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

क्षेत्र की डबल लाक मध्य प्रदेश राज्य विपणन संघ में वर्ष 2025 मे प्रबंधक भारत सिंह निमोदाके द्वारा करोड़ों रुपए की गड़बड़ी की गई थी। जिसकी शिकायत प्रेम कुशवाहा ने की थी। जिसमें करोड़ों रुपए का घपला यूरिया खाद डीएपी खाद विक्रय करने में अनेकानेक अनमितताए बताकर उजागर किया गया था। जिसमें शासन द्वारा निमोदा को निलंबित कर दिया गया था। मुख्यालय भोपाल अटैच कर दिया गया था। लेकिन अभी वर्तमान एक और मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत खापरखेड़ा के किसानों से 210बोरी डीएपी खाद विक्रय का पैसा जमा कराए जाने के बाद लगभग एक वर्ष बीतने पर भी खाद नहीं दिया जा रहा है। किसान पुनीत गोदानी नवनीत गोदानी पुष्पा देवी सहित अन्य 5लोगो के नाम खाते सामुहिक के लिए 210 बोली डीएपी खाद के 2लाख 83 हजार जमा कराए थे। उसके बाद रशीद भी उनके पास है। लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ तो किसानों ने विगत मंगलवार को एसडीएम राजस्व आकिप खान को एक आवेदन जनसुनवाई में दिया गया था। इसके पुर्व डीडीए, उपसंचालक कृषि तत्कालीन कलेक्टर अन्य सभी जगह पर दिया गया था। जिसके कारण वरिष्ठ कृषि अधिकारी निराली आर्य ने पूछताछ करने हेतु बुलाया गया है। नोटिस जारी किए गए हैं। किसानों का कहना है। हमने 2लाख 83हजार रूपए जमा किए गए थे। जिसकी रशीद भी उनके पास है।अभी तक खाद डीएपी मिला नहीं है। भारत सिंह निमोदाके द्वारा बताया गया कि पुनीत गोदानी नवनीत गोदानी पुष्पा देवी सहित अन्य सभी खाद ले जा चुके हैं।

एसडीएम आकिप खान का कहना था कि जनसुनवाई में आवेदन पत्र दिया गया था। जिसकी जांच वरिष्ठ कृषि अधिकारी निराली आर्य को दी गई है। जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

सेमरी क्षेत्र के विद्यार्थियों की पसंद बना कालेज

माखननगर। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ नीता चौबे द्वारा गठित कॉलेज चलो अभियान की टीम गत दिवस सेमरी हरचंद में सक्रिय रही। आनलाइन पंजीयन का प्रथम चरण 15 मई तक रहेगा, महाविद्यालय कॉलेज चलो टीम के सभी सदस्यों द्वारा सेमरी क्षेत्र के आसपास के विद्यार्थियों से लगातार संपर्क किया । अधिकांश विद्यार्थियों की पसंद श्री माखन लाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखननगर बना हुआ है। डॉ धर्मेंद्र सिंह चौहान ,डॉक्टर मनीष शर्मा, महाविद्यालय मीडिया प्रभारी डॉक्टर राजकुमार पटवा के द्वारा सेमरी हरचंद के शासकीय उच्चतर मा विद्यालय बालक /बालिका , स्वामी विवेकानंद हायर सेकंडरी स्कूल में विद्यार्थियों से महाविद्यालय में प्रवेश हेतु संपर्क किया, 12वीं कक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी साथ ही महाविद्यालय में प्रवेश हेतु प्रोत्साहित किया क्षेत्र के अधिकांश विद्यार्थियों की पहली पसंद माखन नगर महाविद्यालय रहा।

तीन दशकों की निस्वार्थ सेवा से उपजा जैसवानी अस्पताल का आज होगा भव्य शुभारंभ

हजारों जिंदगियों के लिए 'संजीवनी' बनेगा शहर का जैसवानी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

अक्सर गंभीर बीमारियों, दुर्घटनाओं और आपातकालीन स्थितियों में बेहतर इलाज की आस लिए इटारसी और आसपास के ग्रामीण अंचलों के लोगों को मीलों दूर बड़े शहरों (जैसे भोपाल, इंदौर या नागपुर) की तरफ दौड़ लगानी पड़ती थी। कई बार सही समय पर इलाज न मिलने से रास्ते में ही कीमती सांसें टूट जाती थीं। लेकिन अब इस पीड़ा, मजबूरी और लाचारी का अंत होने जा रहा है। इटारसी शहर में एक ऐसी सर्वसुविधायुक्त स्वास्थ्य संस्था आकार ले चुकी है, जो पूरे नर्मदापुरम क्षेत्र के लिए किसी बड़े वरदान से कम नहीं है। 100 से अधिक बिस्तरों वाला 'जैसवानी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल' केवल एक अस्पताल नहीं, बल्कि हजारों परिवारों के लिए उम्मीद की एक नई और मजबूत किरण है। यह अस्पताल अपनी आधुनिक सुविधाओं, उच्च प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम और मरीज-केंद्रित सेवाभाव के साथ इटारसी के चिकित्सा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होने जा रहा है।

बिजनेस न्यूज

महानगरों जैसी सुविधाएं अब इटारसी में

हरिभूमि से विशेष बातचीत में डॉ केएल जैसवानी ने बताया कि इस अत्याधुनिक अस्पताल में मरीजों को एक ही छत के नीचे विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। गंभीर और नाजुक मरीजों की जान बचाने के लिए यहां 20 से अधिक सर्वसुविधायुक्त क्रिटिकल केयर बेड्स और नवजात शिशुओं के लिए विशेष वार्ड तैयार किया गया है। इसके अलावा गंभीर ऑपरेशनों के लिए 3 अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर बनाए गए हैं। मरीजों की सुविधा के अनुसार बेस्ट-इन-क्लास जनरल वार्ड, सेमी-प्राइवेट रूम, प्राइवेट रूम्स और सुइट्स का उत्कृष्ट प्रबंध किया गया है। 24 घंटे एंबुलेंस सेवा, फार्मेसी और इमरजेंसी केयर की व्यवस्था इस अस्पताल को हर चुनौती के लिए तैयार रखती है।

आधुनिक जांच मशीनों से लैस

सही इलाज के लिए सही जांच का होना सबसे जरूरी है। जैसवानी अस्पताल इस मामले में पूरी तरह आत्मनिर्भर है। यहां अत्याधुनिक सीटी स्कैन, डिजिटल एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड (सोनोग्राफी), कलर डॉपलर, 2डी इको, टीएमटी , ईसीजी और पूरी तरह से स्वचालित पैथोलॉजी लैब की सुविधाएं मौजूद हैं। गंभीर मरीजों को सांस देने के लिए इनवेसिव और नॉन-इनवेसिव वेंटिलेटर की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही किडनी के मरीजों के लिए डायलिसिस यूनिट भी शुरू की गई है।

अनुचित वसूली और लूट खसौट पर लगेगी लगाम

जैसवानी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का शुभारंभ इटारसी शहर और उससे जुड़े सैकड़ों गांवों के रहवासियों के लिए एक ऐतिहासिक सौगात है। यह सिर्फ एक बिल्डिंग नहीं, बल्कि 'गोल्डन आवर' में त्वरित इलाज देकर अनगिनत जिंदगियां बचाने के साथ स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर होने वाली अनुचित वसूली और लूट पर भी प्रभावी लगाम लगाएगा। अब किसी मरीज की सांसें बेहतर इलाज के अभाव में नहीं टूटेंगी। यह अस्पताल जीवनरक्षक केंद्र बनेगा। क्षेत्रवासियों को अब गुणवत्तापूर्ण, नैतिक और पारदर्शी इलाज के लिए कहीं और भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

जैसवानी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के शुभारंभ के अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न वर्गों की ओर से दी गई शुभकामनाएं...

सेवाभाव अनुकरणीय है

पिछले तीन दशकों में जैसवानी अस्पताल ने इटारसी में स्वास्थ्य सेवाओं के मानक ऊंचे कर दिए हैं। 3 अत्याधुनिक ओटी और न्यूरो-क्रिटिकल केयर जैसी सुविधाएं महानगरों की याद दिलाती हैं। डॉ. केएल जैसवानी और उनकी टीम का सेवाभाव अनुकरणीय है। मेरी ओर से शुभकामनाएं।

-डॉ सीतासरन शर्मा, पूर्व अध्यक्ष मप्र विधानसभा एवं विधायक नर्मदापुरम इटारसी

हजारों जानें बचाएगी

"हमारे संपूर्ण नर्मदांचल के लिए जैसवानी अस्पताल किसी वरदान से कम नहीं है। अब गंभीर स्थिति में भोपाल या नागपुर भागने की मजबूरी खत्म होगी। 100 बिस्तरों की क्षमता और 24 घंटे एम्बुलेंस सेवा हजारों ग्रामीणों की जान बचाएगी। डॉ. जैसवानी की टीम को इस ऐतिहासिक सौगात के लिए बहुत-बहुत बधाई।

डॉ अतुल सेठा, अध्यक्ष, आईएमए नर्मदापुरम

संकल्प के साथ शुरू हुआ

वरिष्ठ लोगों को इलाज के लिए दूसरे शहर जाना अत्यंत कष्टदायी होता था। इटारसी में ही डायलिसिस, आईसीयू और डॉ. के.एल. जैसवानी जैसे अनुभवी डॉक्टरों का होना बड़ी राहत है। आधुनिक मशीनों और पारदर्शी इलाज के संकल्प के साथ शुरू हुआ यह अस्पताल मील का पत्थर साबित होगा। हार्दिक मंगलकामनाएं!"

पंकज चौरे, अध्यक्ष नपाप, इटारसी

विश्वसनीय नाम है

नगर के चिकित्सा क्षेत्र में डॉ जैसवानी सर्वाधिक विश्वसनीय नाम है। उनके नवीन अस्पताल में महिलाओं और बच्चों के लिए यहां मैटरनिटी केयर, एनआईसीयू और डॉ. वंदना योना जैसी विशेषज्ञों की उपलब्धता सुरक्षा का सुखद अहसास कराती है। इटारसी के बीचों-बीच इतनी बड़ी सौगात देने के लिए प्रबंधन का सहृदय आभार और शुभकामनाएं।"

शिवाकांत पांडेय (गुड्डन), जिलाध्यक्ष कांग्रेस

जैसवानी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात

जैसवानी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल इटारसी एवं आसपास के लिए बहुत बड़ी सौगात है। नर्मदाअंचल के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉक्टर के एल जैसवानी का अनुभव, उनकी प्रतिष्ठा और परिवार की नम्रता इस नए प्रकल्प में बहुत कारगर सिद्ध होगी। इस नेक पहल को मेरी ओर से बहुत शुभकामनाएं।

प्रमोद पगारे, वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी

विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक विशाल और अनुभवी टीम

जैसवानी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की सबसे बड़ी ताकत यहां के उच्च शिक्षित और अनुभवी डॉक्टरों की फौज है। इन-हाउस कंसल्टेंट्स डॉ. के.एल. जैसवानी, डॉ. दीपक जैसवानी, डॉ. पिंकी लोहान, डॉ. नितिन जैसवानी, डॉ. वीणा मेलवानी, डॉ. गौरव जैसवानी, डॉ. अनुज दीक्षित, डॉ प्रणय चौबे, डॉ. वंदना योना, डॉ. दिनेश यादव मौजूद रहेंगे।

हर बीमारी का संपूर्ण इलाज एक ही जगह

अस्पताल में 20 से अधिक बेहतरीन सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। इनमें कार्डियोलॉजी (हृदय रोग), न्यूरोलॉजी (मस्तिष्क रोग), मैटरनिटी और शिशु रोग देखभाल, जॉइंट रिप्लेसमेंट सहित संपूर्ण ऑर्थोपेडिक्स, लेप्रोस्कोपिक सर्जरी (दूरबीन पद्धति से ऑपरेशन), फिजियोथेरेपी और डायग्नोस्टिक इमेजिंग जैसी सभी जरूरी मेडिकल सेवाएं शामिल हैं।

In The Court Of I Additional District Judge, District Court, Pipariya Dist. Hoshangabad

Presiding officer : राजेश कुमार अग्रवाल (जूनियर)
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
(MJC/0000026/2025)

विजय कुमार ..... वादी
vs
हेमराज ..... प्रतिवादी

Process Id/2026

प्रेषिती - पेशी दिनांक: 18/06/2026

(1) गोविन्द सिंह पिता गबुआ पता- डीजल शेड इटारसी तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम्

यह कि प्रार्थी विजय कुमार ने आपके विरुद्ध अपील अंतर्गत आदेश 43 नियम 1 सी पी सी के तहत के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करायें।

यह आज तारीख 09 April 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

राजेश कुमार अग्रवार (जूनियर)
प्रथम जिला न्यायाधीश पिपारिया
जिला नर्मदापुरम् म.प्र.

खबर संक्षेप

सड़क हादसे में पटवारी घायल

हरदा। सोमवार-मंगलवार की रात सड़क हादसे में एक पटवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम कुकरावद के पास सुल्तानपुर फाटे पर हुआ। घायल पटवारी को प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां से परिजन उन्हें बेहतर इलाज के लिए इंदौर ले गए। जानकारी के अनुसार, पटवारी रमेश नाग मगरधा क्षेत्र में ड्यूटी पूरी करने के बाद बाइक से हरदा लौट रहे थे। इसी दौरान सुल्तानपुर के पास गोमती वेयरहाउस के बाहर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली अंधेरे में दिखाई नहीं दी और उनकी बाइक सीधे ट्रॉली से जा टकराई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस की मदद से घायल रमेश नाग को हरदा जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के मुताबिक उन्हें अंदरूनी चोटें आई हैं। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद परिजन उन्हें बेहतर इलाज के लिए इंदौर ले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अब प्राइवेट छात्र नहीं पढ़ पाएंगे प्रैक्टिकल वाले विषय

सीहोर। मप्र उच्च शिक्षा विभाग ने स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए एक बड़ा बदलाव किया है। अब प्रदेश के किसी भी कॉलेज या यूनिवर्सिटी में उन विषयों की प्राइवेट (स्वाध्यायी) पढ़ाई पूरी तरह बंद कर दी गई है, जिनमें प्रैक्टिकल कार्य अनिवार्य होता है। विभाग का मानना है कि प्रैक्टिकल के बिना इन विषयों की पढ़ाई अधूरी है और इससे डिग्री की प्रामाणिकता पर सवाल उठते हैं। बता दें कि सीहोर जिले में 14 शासकीय कॉलेज और 40 से अधिक निजी कॉलेज हैं जहां पारंपरिक विषयों की पढ़ाई होती है। अब तक आर्ट-कॉमर्स के साथ साइंस के स्टूडेंट भी प्राइवेट फार्म भरकर पढ़ाई करते थे। लेकिन इस सत्र से प्रैक्टिकल वाले विषयों को प्राइवेट छात्रों के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। अब छात्रों को फिजिक्स, केमेस्ट्री, बायलॉजी और अन्य विज्ञान संकाय के विषयों की पढ़ाई करने के लिए अनिवार्य रूप से नियमित (रेगुलर) छात्र के रूप में कॉलेज में प्रवेश लेना होगा। बता दें कि इन दिनों कॉलेजों में ऑनलाइन एडमिशन का दौर चल रहा है। यूजी और पीजी में एडमिशन के लिए विद्यार्थी 15 मई तक रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

भारतीय डाक विभाग अब आपके घर से ही कलेक्ट करेगा पार्सल

सीहोर। प्राइवेट कंपनियों की तर्ज पर अब भारतीय डाक विभाग भी ग्राहकों के घर से पार्सल बुकिंग हेतु प्राप्त करेगा । इस सुविधा को पोस्टमैन पिकअप सुविधा का नाम दिया गया है ।

जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

आगामी वर्ष से ग्राम पंचायत स्तर पर उर्वरक उपलब्ध कराने की तैयारी: सारंग

प्रभारी मंत्री ने अवैध माइनिंग पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले के प्रभारी एवं प्रदेश के सहकारिता, मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के जिले में सुव्यवस्थित इंतजाम रहें। कोई भी पात्र किसान गेहूं बेचने से न छूटे। उपार्जन केन्द्रों पर किसानों को असुविधा न हो। जिले में उपार्जन कार्य की प्रतिदिन समीक्षा की जाए। जनजागरूकता कार्यक्रम चलाकर किसानों को आश्वस्त किया जाए कि उनके गेहूं की खरीदी अवश्य होगी। प्रभारी मंत्री सारंग सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबोधित कर रहे थे। बैठक में केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, विधायक डॉ. आर.के. दोगने, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, पूर्व विधायक टिमरनी संजय शाह, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में प्रभारी मंत्री ने जिले में आगामी सीजन में सुगमता से उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि आगामी वर्ष से ग्राम पंचायत स्तर पर भी उर्वरक वितरण करने की योजना बनाई जा रही है, जिससे किसानों को सुगमता से उर्वरक उपलब्ध हो सकेगा। खनिज विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होने कहा कि जिले में कहीं भी खनिज का अवैध उत्खनन अथवा परिवहन न हो। खनिज का अवैध धंधा करने वालों में पुलिस का खौफ रहे। वे स्वयं इसका औचक निरीक्षण करेंगे। आगामी दो माह में वनभूमि से समस्त अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये गये। इसके अलावा शासकीय भूमि से आगामी तीन माह में सभी तरीके के अतिक्रमण हटाने के लिये अधिकारियों को पाबंद किया गया।

विद्युत की सुचारू आपूर्ति के निर्देश दिए

बैठक में विद्युत की सुचारू आपूर्ति के निर्देश दिए गए। साथ ही पशुपालन विभाग को जिले में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने एवं नई समितियों का गठन करने के लिये निर्देशित किया गया। जल संसाधन विभाग अंतर्गत मूंग की फसल में सिंचाई के पानी की आपूर्ति की जानकारी ली गई। स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने कहा कि परीक्षा परिणामों में अपेक्षित सुधार लाया जाए। सांदीपनी स्कूलों के प्रारंभ होने के बाद शिक्षा व्यवस्था में हुए बदलाव का अध्ययन किया जाए। उन्होने कहा कि सभी स्कूलों में बच्चों के अनियमित उपस्थिति के कारणों का भी विश्लेषण किया जाए। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिये कि सार्वजनिक अधोसंरचनाओं के लिये सुगम पहुँच मार्ग उपलब्ध रहें, यह भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होने कहा कि विधायक एवं सांसद निधि से ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध कराये गये पानी के टैंकर ग्राम पंचायतों में ही खड़े हो, इस बात का भौतिक सत्यापन किया जाए।

गांवों में पानी की समस्या हल करें

सड़क निर्माण से संबंधित विभागों को प्रत्येक सड़क पर सड़क निर्माण का वर्ष, ग्यारंटी की अवधि एवं ठेकेदार का नाम व मोबाइल नम्बर अंकित करने के निर्देश दिये गये। मंडी निधि से निर्माणाधीन सड़कों में आ रही अड़चनों को चिन्हित कर हल करने के निर्देश दिये गये। जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत स्कूल प्रारम्भ होने के पूर्व छात्रावासों की स्थिति का निरीक्षण करने के लिये भी विभागीय अधिकारियों को पाबंद किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देश दिये गये कि ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल की आपूर्ति सुचारू रहे। समस्यामूलक गांवों में पानी की समस्या हल करें। सड़क निर्माण से संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि जो सड़कें खराब हो गई है, उनके उन्नयन के प्रस्ताव तैयार किये जाएं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सड़कों की गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए। ग्यारंटी अवधि में सड़कों का संधारण नहीं होने पर संबंधित ठेकेदार की नियमानुसार राशि राजसात की जाए। जो सड़के ग्यारंटी से बाहर हो गई है, उनके उन्नयन के प्रस्ताव तैयार किये जाएं। आपूर्ति विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि जिले में राशन वितरण से संबंधित उपभोक्ताओं को शिकायत न हो। इसी तरह स्वास्थ्य विभाग को जिले के सरकारी अस्पतालों की व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के लिये भी निर्देशित किया गया। बैठक में प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन, पुलिस अधीक्षक शशांक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में समस्याएं सुनी

अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय एवं रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में ग्राम अहलवाड़ा निवासी फूलवती बाई ने लोन जमा करने के उपरान्त अपनी जमीन के खसरे को बंधन मुक्त कराने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर प्रबन्ध जिला अग्रणी बैंक को आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। ग्राम बाजनिया निवासी महेन्द्र यादव ने व्यवसाय प्रारम्भ करने हेतु शासकीय योजनान्तर्गत ऋण दिलाने हेतु आवेदन दिया, जिस पर महाप्रबन्धक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र हरदा को आवेदक की पात्रता का परीक्षण कर ऋण दिलाने के निर्देश दिये गये। खेड़ीपुरा निवासी शांतिबाई ने जनसुनवाई में वृद्धावस्था पेंशन चालू कराने के लिये आवेदन दिया, जिस पर उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग को आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये।

फूलवती बाई ने लोन जमा करने के उपरान्त अपनी जमीन के खसरे को बंधन मुक्त कराने के संबंध में आवेदन दिया।

विधिक साक्षरता शिविर संपन्न

महिलाओं, बच्चों के अधिकार बताए गए, योजनाओं की जानकारी भी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा द्वारा मंगलवार को हरदा के वार्ड क्रं. 11 में संचालित आंगनवाड़ी केन्द्र क्रं. 21 में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित न्यायाधीश व सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण चंद्रशेखर राठौर ने महिलाओं के अधिकार, बच्चों के अधिकार, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, यौन उत्पीड़न, सालसा व नालसा की योजनाओं पीड़ित प्रतिकर योजना, नालसा (गरीबी उन्मूलन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन) योजना 2015, बच्चों के लिए मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना 2024 के आलोक में पॉक्सो एक्ट, मध्यप्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, 2015, नालसा लैंगिक हमलों व अन्य अपराधों की पीड़ताओं सर्वाईवर्स महिलाओं के लिए प्रतिकर योजना, 2018 के बारे में जानकारी देते हुए, बताया कि इस योजना का मुख्य उददेश्य सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो तक उनके मूल अधिकारों की पंहुच को सुनिश्चित करना है।

वृक्ष व झाड़ियों को बेतरतीब ढंग से हटाने का मामला

वन विभाग और कार्य एजेंसी में ठनी, नसीहत देने पर मनमानी करने पर तुले एजेंसी के लोग

निर्माणाधीन चित्तौडगढ़ भुसावल राजमार्ग का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या



चित्तौडगढ़ भुसावल राजमार्ग-निर्माण के दौरान वृक्ष एवं झाड़ियों को बेतरतीब ढंग से हटाने को लेकर कार्य एजेंसी और वन विभाग में ठन गई है। इस मामले में वन अधिकारी उन्हें प्रक्रिया के पालन की नसीहत दे रहें हैं, वहीं एजेंसी से जुड़े लोग अपनी कथित मनमानी करने पर तुले हुए हैं। संपूर्ण निर्माणाधीन मार्ग से करीब 8 हजार वृक्षों और झाड़ियों की कटाई करने के आदेश डीएफओ खरगोन ने जारी किये हैं। रेंजर पीयूष कुमार चौधरी (तितरान्या) और संजय चौहान ने उक्त जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि इस मामले में निर्धारित प्रक्रिया जारी है और निर्माण एजेंसी द्वारा मनमानी कर कई वृक्ष और झाड़ियों को मशीनों से उखाड़कर हटा दिया गया है। वहीं सीमा क्षेत्र की मीनार को हटाने के मामले की जांच की जा रही है,जो वन अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन है। उन्होंने बताया कि इस मामले में वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया गया है। गौरतलब है कि एजेंसी एमएस खुराना इंजनीयरिंग लिमिटेड अहमदाबाद द्वारा मार्ग निर्माण किया जा रहा है। खरगोन जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग कमांक 347 सी सरवर देवला से महाराष्ट्र बार्डर तक मार्ग चौडीकरण हेतु 76.1384 हेक्टर और कैरिज-वे का क्षेत्रफल 33.9608 हेक्टर (कुल 110.0992 हेक्टर) वनभूमि लोक निर्माण विभाग(राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग, इन्दौर) को सौंपने की दो अनुमतियां पृथक-पृथक जारी की गई है। इसी तारतम्य में भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के पत्र 29 अप्रैल 2025 में प्रथम चरण और पत्र 22 जनवरी 2026 में अंतिम चरण की अनुमतियां राजमार्ग निर्माण में उपयोग के लिए दी गई है। डीएफओ खरगोन से दूरभाष पर संपर्क नहीं हो सका।

इनका कहना है...

राज मार्ग निर्माण में वन भूमि के उपयोग और वृक्ष एवं झाड़ियों की कटाई की अनुमति दी गई है और विभागीय प्रक्रिया जारी है। यदि निर्माण एजेंसी द्वारा वन अधिनियम के प्रावधानों का उलंघन किया गया तो आवश्यक कार्रवाई की जावेगी।
हीरालाल पटेल, एसडीओ वन भीकनगांव

23 लाख की लागत से तालाब सौंदर्यीकरण व पुनर्जीवन कार्य का भूमि-पूजन संपन्न

सीहोर। नगर के विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं जल संवर्धन को नई दिशा देने की प्रतिबद्धता के साथ आज वार्ड क्रमांक 21 स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में 23 लाख रुपये की लागत से होने वाले तालाब सौंदर्यीकरण एवं पुनर्जीवन कार्य का भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के साथ सम्पन्न किया गया।

भूमि पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे और नगर पालिका द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में विकास एवं जनकल्याण के संकल्प के साथ उत्साह का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि नगर पालिका परिषद शहर के विकास के साथ-साथ जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। तालाब हमारी प्राचीन संस्कृति, परंपरा और प्राकृतिक धरोहर का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। बीते वर्षों में लगातार घटते जल स्तर और बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए तालाबों का संरक्षण एवं पुनर्जीवन समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। इसी उद्देश्य को लेकर नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के विभिन्न तालाबों को संरक्षित एवं विकसित करने का कार्य प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित इस तालाब के सौंदर्यीकरण एवं पुनर्जीवन कार्य से न केवल क्षेत्र की सुंदरता बढ़ेगी, बल्कि वर्षा जल संरक्षण, भू-जल स्तर सुधार एवं पर्यावरण संतुलन को भी मजबूती मिलेगी। आने वाले समय में यह स्थल क्षेत्रवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा तथा नागरिकों को स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण प्राप्त होगा। प्रिंस राठौर ने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार "विकास और विरासत" दोनों को साथ लेकर चलने का कार्य कर रही है। नगर निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहे हैं। नगर पालिका परिषद भी इसी संकल्प के साथ नगर के प्रत्येक वार्ड में आधारभूत सुविधाओं, सड़क, पेयजल, स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण के कार्य तेजी से करा रही है।

तेज़ रफ्तार कार का कहर: महिला की मौके पर मौत, चालक हो गया फरार



भैरूंदा। नगर में एक बार फिर तेज़ रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां भोपाल रोड स्थित सोना पैलेस गार्डन के पास रविवार रात करीब 8 बजे एक अज्ञात कार ने सड़क पर पैदल जा रही वृद्ध महिला को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जमा हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान संतराबाई पवार (62 वर्ष), निवासी बिजासन कॉलोनी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह सड़क किनारे पैदल जा रही थीं, तभी तेज़ रफ्तार से आ रही एक अज्ञात कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिला गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर पड़ीं और उनकी सांसें थम गईं।

सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और महिला को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस दौरान परिजनों और स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश और दुख देखने को मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ शुरू की। थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि दुर्घटना तेज़ रफ्तार वाहन की वजह से हुई है। फिलहाल अज्ञात कार और उसके चालक की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

स्वास्थ्य विभाग की एएनएम खुद लापरवाही का शिकार मां गायत्री हॉस्पिटल में प्रसूता की मौत पर भारी बवाल

परिजन का आरोप, इंजेक्शन लगने के 5-7 मिनट बाद हो गई मौत

सीहोर। जिला मुख्यालय स्थित मां गायत्री हॉस्पिटल में सोमवार को उस समय चीख-पुकार और हंगामा मच गया, जब स्वास्थ्य विभाग की महिला कर्मचारी मयूरी राठौर की प्रसव के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जो हाथ दूसरों का टीकाकरण कर उनकी जान बचाते थे, आज उन्हीं की सांसें एक निजी अस्पताल की चौखट पर थम गईं।

मृतका मयूरी राठौर के पति मनीष राठौर ने बताया कि मयूरी को डिलीवरी के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया और रात भर वह पूरी तरह ठीक थीं। मनीष का आरोप है कि सुबह 9.30 बजे तक मेरी पत्नी बिल्कुल स्वस्थ थी। लेकिन उसके कुछ ही देर बाद डॉक्टर ने एक इंजेक्शन लगाया और महज 5-7 मिनट के भीतर उसकी तबीयत बिगडने लगी। देखते ही देखते मयूरी ने दम तोड़ दिया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने स्थिति बिगडने पर उन्हें कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी और न ही मृतका से मिलने दिया गया।

शायद चाय सांस नली में अटक गई होगी

इस गंभीर मामले में अस्पताल की संचालक डॉ. सुजाता परमार ने लापरवाही के आरोपों को खारिज किया है। हालांकि उन्होंने मौत का जो कारण बताया है वह चर्चा का विषय बना हुआ है। डॉ. परमार ने कहा ऑपरेशन सफल रहा था और सुबह तक मरीज ठीक था। शायद परिजनों ने 9 बजे उन्हें चाय-पानी दिया होगा, जो उनकी सांस की नली में अटक गया। ऐसा मेरा सोचना है।

एएनएम थीं मयूरी



मयूरी राठौर खुद स्वास्थ्य विभाग में एएनएम के पद पर तैनात थीं। एक स्वास्थ्य कर्मी, जो खुद चिकित्सा प्रक्रियाओं को बेहतर समझती थी, उसके साथ हुई इस अनहोनी ने अस्पताल की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

तीन डॉक्टरों की टीम ने किया पीएम

हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। पुलिस की निगरानी में तीन डॉक्टरों की टीम ने मयूरी के शव का पोस्टमार्टम किया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयानों के आधार पर निष्पक्ष जांच की जाएगी।

भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की शुरुआत में हुए शहीदों को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

10 मई 1857 को मेरठ में भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की शुरुआत हुई थी। जिसे सिपाही विद्रोह भी कहां जाता है। उक्त समय भारतीय सैनिकों ने ब्रिटिश सेना के खिलाफ बगावत कर दी और दिल्ली की ओर कूच किया। इस क्रांति का मुख्य कारण चरवी बाले कारतूसों का प्रयोजन था। 10 मई 1857 की वह ऐतिहासिक दिन केवल एक सैनिक विद्रोह नहीं थीं, वल्कि भारतीय जनमानस में वर्षों से सुलग रहे असंतोष का विस्फोट था। इस एतिहासिक 10 मई 1857 की कान्ति मेरठ से सुरु करनें वाले देशभक्त वीर गुर्जर धन सिंह कोतवाल सहित असंख्य क्रान्तिकारियों में सभी जातियों से थे, जिनमें अधिकांश राजपूत समाज से थे। सभी क्रान्तिकारियों जिसे क्रांति दिवस भी कहां। इस दिन को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जिला सीहोर द्वारा सभी क्रांति कारियों को याद करते हुए दो मिनट का मोन धारण करते हुए श्रद्धांजलि, नमन वंदन किया। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के लगभग 36 सक्रिय सदस्य प्रति माह वीसी का आयोजन इस आशय के साथ करते हैं कि समाज के यह व्यक्ति मिलकर सामाजिक गतिविधियों ,एक दूसरे से पारस्परिक संपर्क होता रहे। जागरूकता आती है।